दिन–रविवार दिनांक– 18 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

केंद्र सरकार पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का दृष्टिकोण विभिन्न देशों के सामने प्रस्तुत करने के उद्देश्य से सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेज रही है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज कहा है कि सात, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रमुख देशों के साथ बातचीत करेंगे। श्री रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में शिष्टमंडलों में शामिल सांसदों और प्रतिनिधिमंडलों की सूची साझा करते हुए कहा कि यह ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ भारत के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। सूची के अनुसार भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक समूह ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, यूरोपीय संघ, इटली और डेनमार्क का दौरा करेगा। जनता दल यूनाइटेड सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक अन्य समूह इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर का दौरा करेगा। वहीं, समस्तीपुर से लोक जनशक्ति पार्टी सांसद शांभवी चौधरी, राष्ट्रीय जनता दल के सांसद प्रेम चंद गुप्ता और भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी भी अन्य प्रतिनिधि मंडलों में सदस्य के रूप मे शामिल किए गए है।

---

निर्वाचन आयुक्त विवेक जोशी ने अपने बिहार दौरे के तीसरे दिन आज पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर में सशस्त्र सीमा बल, एसएसबी के अधिकारियों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सुरक्षा बैठक की। इस दौरान चुनाव के दौरान सीमा पर सुरक्षा प्रबंध को लेकर विचार–विमर्श किया गया। श्री जोशी कल वैशाली जिले का फिल्ड विजिट करेंगे। इस दौरान अधिकारियों के साथ चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा की जायेगी। गौरतलब है कि निर्वाचन आयुक्त श्री जोशी का चार दिवसीय बिहार दौरा कल समाप्त हो रहा है।

---

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और आसा पार्टी के प्रमुख आरसीपी सिंह जन सुराज पार्टी में शामिल हो गए है। उन्होंने अपने दल आसा का भी जन सुराज में विलय कर दिया है। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में जन सुराज के संरक्षक प्रशांत किशोर ने आरसीपी सिंह का स्वागत किया। श्री किशोर ने कहा कि उनके पार्टी में आने से जन सुराज की ताकत बढ़ी है और आगे उनके अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। गौरतलब है कि जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेहद करीबी रहे आरसीपी सिंह ने संबंधो में कटुता के बाद जदयू छोड़ दी थी और आसा नाम से एक नए राजनीतिक दल का गठन किया था।

————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण राज्य के अधिकतर स्थानों पर आंधी बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। राजधानी पटना और आसपास के क्षेत्रों में दोपहर बाद तेज बारिश हुई है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। राजधानी के पश्चिमी भागों दीघा, दानापुर, मनेर समेत कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई है। इधर, मौसम विभाग ने पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया, औरंगाबाद, बांका, जमुई, समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम, और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर तेज बारिश की जानकारी साझा की है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक राज्य के अधिकतर भागों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना है। विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, किशनगंज, अररिया समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी तथा उत्तर–पश्चिमी भागों में कई स्थानों पर आंधी और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

————————————————————————

पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व के नौ कर्मचारियों को शराब पार्टी करते पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बगहा के एसडीपीओ कुमार देवेन्द्र ने बताया कि मदनपुर वन क्षेत्र के फॉरेस्टर के आवास पर छापेमारी के दौरान शराब की कई बोतले भी बरामद की गई।

————————————————————————

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने आज बेगूसराय के चेरिया बरियारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आधुनिक ऑपरेशन थियेटर और लेबर रूम का उद्‌घाटन किया।

———————————————————————————

आज अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस है। इस अवसर पर देश में पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संरक्षण वाले सभी स्मारकों और संग्रहालयों में आज प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने तथा शिक्षा और संवाद को बढ़ावा देने में संग्रहालयों की भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए पटना में कला संस्कृति और युवा विभाग की ओर से एक दिवसीय संगोष्ठी और परिचर्चा का आयोजन किया गया है।

———————————————————————————

समाप्त